<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- जीएसटी दरों में कटौती के कारण त्योहारों के दौरान देश के खुदरा क्षेत्र में हुई अब तक की सर्वाधिक बिक्री। कैट की रिपोर्ट के अनुसार देश भर में हुआ रिकॉर्ड पांच लाख चालीस हजार करोड़ रुपये का कारोबार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरएसएस के विचार–परिवार कुटुंब स्नेह मिलन और दीपोत्सव से राष्ट्रोत्सव कार्यक्रम में लिया हिस्सा। कहा–भव्य दीपोत्सव बना अयोध्या की पहचान।
- त्योहारों को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों के लिए किए विशेष प्रबंध । रेल मंत्री ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा कर यात्रियों से किया संवाद।
- प्रदेश भर में आज मनाया जा रहा है गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव।

**********

जीएसटी दरों में कटौती के कारण भारत के खुदरा क्षेत्र में नवरात्र से दीपावली के बीच इस वर्ष अब तक की सर्वाधिक बिक्री हुई है। यह जानकारी कल जारी कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स–कैट की रिपोर्ट में दी गई । प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**कैट ने बताया कि उनकी रिसर्च शाखा द्वारा देशभर के साठ प्रमुख वितरण केंद्रों पर किये गये सर्वेक्षण के आधार पर इस रिपोर्ट को तैयार किया गया है जिनमें सभी राज्यों की राजधानियां तथा टियर–टू और टियर–थ्री शहर शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष दिवाली के दौरान देशभर में छह लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हुई। इसमें पांच लाख चालीस हजार करोड़ रुपये का वस्तु व्यापार और पैसठ हजार करोड़ रुपये का सेवा व्यापार शामिल है। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। एक रिपोर्ट–

**नए कर ढांचे के अंतर्गत, सात हजार पांच सौ रुपये तक के होटल कमरों पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। जीएसटी 2.0 के तहत, 1,200 सीसी तक के पेट्रोल इंजन और 1,500 सीसी तक के डीजल इंजन वाली कारों पर कर की दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इस निर्णय से कारों की कीमतों में कमी आई है, उपभोक्ता मांग बढ़ी है और वाहन निर्माताओं को प्रोत्साहन मिला है। कर के बोझ को कम करके और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करके, जीएसटी 2.0 आजीविका सुरक्षा, पर्यटन, एमएसएमई विकास और हरित उद्यमिता को मजबूत करेंगे। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के विचार–परिवार कुटुंब स्नेह मिलन और दीपोत्सव से राष्ट्रोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अयोध्या साढ़े आठ वर्ष पहले विरान थी, अब वहां का भव्य दीपोत्सव पहचान बन गया है। इस बार वहां छब्बीस लाख सत्रह हजार दीये जलाने का नया विश्व रिकॉर्ड बना है। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान की सराहना भी की।

इससे पहले मुख्यमंत्री गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर के सरोवर पर एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने रंगोली के ऊपर रखे दीए को जलाकर शहीदों को याद किया। इसके बाद लोगों ने भी दीपोत्सव कार्यक्रम में दीये जलाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कृषि विभाग एवं उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा पंजाब के बाढ़ प्रभावित किसानों की बीज सहायता के लिए वाहनों को फ्लैग–ऑफ कर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारी बारिश और बाढ़ से उत्पन्न विषम परिस्थिति में उत्तर प्रदेश सरकार, पंजाब के किसानों के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन भी कर रहा है। बीज निगम अपने प्रयासों से किसानों को समृद्ध बनाने में सहयोग कर रहा है।

**अगर अन्नदाता किसान को अच्छी प्रजाति के बीज समय पर मिले तो एक सामान्य अन्नदाता किसान भी अपनी खेती में एवरेज से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकता है और यह उत्तर प्रदेश के अंदर बीज और विकास निगम ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा करके उत्तर प्रदेश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में सफलता प्राप्त की।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी छब्बीस अक्टूबर को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे । लोग कार्यक्रम सम्बन्धी अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर साझा कर सकते हैं। इसके अलावा माई जीओवी इंडिया ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑन लाइन सुझाव साझा किए जा सकते हैं।

**********

दिल्ली एनसीआर में दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार कल सुबह नोएडा और गाजियाबाद शहरों की हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। हवा में सबसे ज्यादा खतरनाक

प्रदूषक तत्व पीएम–दो दशमलव पांच बना हुआ है, जिसके कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया और वहां त्योहारों के बीच यात्रियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं तथा तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान, उन्होंने रेलवे की सुविधाओं के बारे में कई यात्रियों से बातचीत की।

**कई पैसेंजर्स को पूछा उन सबने व्यवस्था के ऊपर अच्छा सेटिसफेक्शन व्यक्त किया है और किसी एक बहन ने तो कहा था कि चौदह वर्षों से वो अपने यही दीवाली, छठ पर गांव जाती है। लेकिन इस साल का उनको उन्हें सबसे अच्छा लगा। मेहनत कर रही है पूरी टीम और करीब–करीब अब तक स्पेशल्स में एक करोड से ज्यादा पैसेंजर्स जा चुके हैं प्लस ये जो डेल्ही एरिया है, केवल डेल्ही एरिया में ऑन एन एवरेज डेली सवा चार लाख लोग जा रहे हैं।**

यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की निगरानी के लिए रेलवे द्वारा वॉर रूम भी स्थापित किये गये हैं। रेलवे ने बताया है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश से जोनल और डिविजनल स्तर पर 80 से अधिक वॉर रूम सक्रिय हैं। इन वॉर रूम्स के माध्यम से पूरे देश में ट्रेनों की स्थिति, यात्रियों की संख्या और सुरक्षा संबंधी गतिविधियों की चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है।

त्योहारों के मद्देनजर पूर्वोत्तर रेलवे ने भी यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने बताया कि प्रत्येक जोन ने व्यापक व्यवस्थाएं की है। गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए छह यात्री आश्रय स्थलों को स्थापित किया गया है।

**व्यापक व्यवस्थाएं की हैं ताकि सभी की यात्रा बहुत संरक्षित ढंग से हो, बहुत सुरक्षित ढंग से हो और बहुत सुगम हो। लोग आसानी से अपना अपना अपनी यात्रा तय कर सकें। पांच होल्डिंग एरिया गोरखपुर स्टेशन में हमने बनाए हैं, जिसमें एक समय में हम 2,000 यात्रियों को यहां पर वेट करा सकते हैं ताकि उनको जब ट्रेन आए तभी हम ट्रेन की तरफ एक कतारबद्ध ढंग से ले जाएं और कतारबद्ध ढंग से ही उनको ट्रेन में बोर्डिंग कराएं ताकि कोई भी किसी को भी कोई असुविधा ना हो, कोई अप्रिय घटना ना हो।**

**********

मथुरा जिले के जैंत थानाक्षेत्र में वृंदावन और अझई रेलवे स्टेशन के बीच कल रात एक मालगाड़ी के बारह वैगन पटरी से उतर गए। इसके कारण तीन अलग–अलग रेलवे लाइन पर आवागमन बाधित हो गया, हांलाकि चौथी लाइन का संचालन सुचारू तौर से जारी रहा। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस दुर्घटना में जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई है। आवश्यकतानुसार कुछ ट्रेने डाइवर्ट कर चलाई जा रही हैं।

**********

प्रदेश भर में आज गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मथुरा सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस द्वारा विशेष प्रबंध किये गये हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**गोवर्धन के प्रमुख मंदिर दानघाटी, मुकुट मुखारविंद और जतीपुरा मुखारविंद में दूध से अभिषेक किया जायेगा। श्रद्धालु गिरिराज महाराज के चरणों में अन्नकूट का भोग समर्पित कर सात कोसीय परिक्रमा करेंगे। गोवर्धन पूजा के दौरान पुलिस द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, भीड़–भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों और घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ड्रोन से निगरानी और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान रहेगा। मोहम्मद कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।**

**********

मौसम विभाग ने आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सुदूर दक्षिणी हिस्से में कहीं कहीं बहुत हल्की वर्षा व बूंदाबांदी की भी संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक आज शाम के बाद प्रदेश में अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे गिरावट भी आ सकती है। साथ ही प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में मौसम के आगामी सत्ताइस अक्टूबर तक शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

**********